झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ





www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 126 • दुमका • शनिवार, 15 मई 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com



सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।





• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com


## संक्षिप्त समाचार

### टाइम्स ग्रुप की चेयरपर्सन इंदु जैन का 84 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** टाइम्स ऑफ इंडिया मीडिया समूह की चेयरपर्सन इंदु जैन का गुरुवार को निधन हो गया। वे 84 साल की थीं। उन्हें 2016 में देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। जैन कल्याणकारी गतिविधियों के लिए स्थापित टाइम्स फाउंडेशन की संस्थापक भी थीं और उन्होंने उद्योग लॉबी फिक्की की महिला विंग की भी स्थापना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदु जैन के निधन पर शोक जताया और कहा कि सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए पहल, भारत की प्रगति को लेकर उनके जज्बे और संस्कृति के प्रति गहरी दिलचस्पी के लिए उन्हें याद किया जाएगा। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'टाइम्स समूह की अध्यक्ष इंदु जैन के निधन से दुखी हूं। सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा उठाए गए कदमों, भारत की प्रगति को लेकर उनके जज्बे और संस्कृति के प्रति गहरी दिलचस्पी के लिए उन्हें याद किया जाएगा।'

### सुविचार

ब्राह्मण लोग भोजन से संतुष्ट होते है, एक मोर बादलों कि गर्जन से, साधु–संत दूसरे लोगों की खुशी और समृद्धि देखकर प्रसन्न रहते है, लेकिन एक दुष्ट प्रवृत्ति का आदमी दूसरों पर आई विपत्ति को देखकर प्रसन्न होते है।

● चाणक्य नीति

### गुड मॉर्निंग

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...!!!

### बिजनेस

**सेंसेक्स**

48,732.55+41.75 (0.086%)

**निफ्टी**

14,677.80–18.70 (0.13%)

### दैनिक पंचांग

तिथिः शुक्ल ग्रीष्म
मास अमांतः वैशाख
मास पूर्णिमांतः वैशाख
वारः शनिवार सम्वतः 2078
नक्षत्रः मृगशिरा - 08:39:02 तक
योगः धृति - 26:27:04 तक
करणः गर - 08:01:18 तक

### मौसम

अधिकतम – 36°
न्यूनतम – 26°

सूर्योदयः 05:30:37
सूर्यास्तः 19:04:33

# अपनी बारी आने पर जरूर लगवाएं वैक्सीन : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीएम किसान सम्मान निधि की आठवीं किस्त जारी की। 9.5 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई। इसके बाद पीएम ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हिम्मत हारने वाला देश नहीं है, कोई भारतवासी हिम्मत नहीं हारेगा। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। पीएम मोदी ने कहा, ''100 साल बाद आई इतनी भीषण महामारी कदम-कदम पर दुनिया की परीक्षा ले रही है। हमारे सामने एक अदृश्य दुश्मन है। हम अपने बहुत से करीबियों को खो चुके हैं। बीते कुछ समय से जो कष्ट देशवासियों ने सहा है, अनेकों लोग जिस दर्द से गुजरे है, तकलीफ से गुजरे है वो मैं भी उतना ही महसूस कर रहा हूं।''

**● ''देशभर में मुफ्त टीकाकरण की सुविधा''**

पीएम मोदी ने कहा, ''देशभर के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है। इसलिए जब भी आपकी बारी आए तो टीका जरूर लगाएं। ये टीका हमें कोरोना के विरुद्ध सुरक्षा कवच देगा, गंभीर बीमारी की आशंका को कम करेगा। बचाव का एक बहुत बड़ा माध्यम है, कोरोना का टीका। केंद्र सरकार और सारी राज्य सरकारें मिलकर ये निरंतर प्रयास कर रही हैं कि ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को तेजी से टीका लग पाए। देशभर में अभी तक करीब 18 करोड़ वैक्सीन डोज दी जा चुकी है।'' पीएम ने ये भी कहा कि इस संकट के समय में दवाईयों और जरूरी वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी में भी कुछ लोग अपने निहित स्वार्थ के कारण लगे हुए हैं। मैं राज्य सरकारों से आग्रह करूंगा कि ऐसे लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। ये कृत्य मानवता के खिलाफ है।

## राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 1 करोड़ 92 लाख कोरोना वैक्सीन देगा केंद्र

**नई दिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा है कि केंद्र सरकार 16-31 मई के पखवाड़े के दौरान राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 1 करोड़ 92 लाख कोविड वैक्सीन सप्लाई करेगी। इससे पहले शुक्रवार को पीएम मोदी ने कहा, ''केंद्र सरकार और सारी राज्य सरकारें मिल कर यह निरंतर प्रयास कर रही हैं कि ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को तेजी से टीका लग पाए।'' प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम किसान) के तहत आर्थिक लाभ की आठवीं किस्त जारी करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे पीएम मोदी ने टीके को कोरोना से बचाव का बहुत बड़ा माध्यम बताते हुए कहा कि देश भर में टीकों की 18 करोड़ से अधिक खुराक लोगों को दी जा चुकी है। पीएम मोदी ने कहा, ''केंद्र सरकार और सारी राज्य सरकारें मिल कर यह निरंतर प्रयास कर रही हैं कि ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को तेजी से टीका लग पाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, सफाई कर्मी, एंबुलेंस ड्राइवर, लैब कर्मचारी, सभी एक-एक जीवन को बचाने के लिए चौबीसों घंटे जुटे हैं। उन्होंने कहा, ''आज देश में जरूरी दवाओं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है।'

# बच्चों को वैक्सीनेट न करें अमीर देश : डब्लूएचओ

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

**● ये टीके गरीब देशों को डोनेट करें**

**● महामारी का दूसरा साल ज्यादा खतरनाक**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने अमीर देशों से कहा है कि वे अपने देश में बच्चों का वैक्सीनेशन फिलहाल न करें, बल्कि बच्चों को लगाए जाने वाले डोज गरीब देशों को दान करें ताकि महामारी से जल्दी और ताकतवर तरीके से निपटा जा सके। हल्थ के मुताबिक, महामारी का दूसरा साल पहले साल के मुकाबले ज्यादा घातक है।

**● गरीब देशों की फिक्र**

डब्लूएचओ के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस एडेनहोम घेब्रिसियस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोविड-19 के वर्तमान हालात पर चर्चा की। इस दौरान हल्थ चीफ ने कहा- अमीर देश बच्चों को भी वैक्सीनेट कर रहे हैं। मैं इसे रोकने की अपील करता हूं। बच्चों के वैक्सीनेशन में इस्तेमाल की जा रही डोज गरीब देशों को दान देना चाहिए ताकि महामारी से जल्द और ज्यादा बेहतर तरीके से निपटा जा सके। उन्होंने कहा- हम देख रहे हैं कि कुछ अमीर देश बच्चों और युवाओं को भी वैक्सीनेट कर रहे हैं।



दूसरी तरफ दुनिया के वो गरीब देश हैं, जहां अब तक हेल्थ वर्कर्स तक को वैक्सीन नहीं मिल सकी। हम सभी देशों को वैक्सीन देना चाहते हैं। डब्लूएचओ की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ नजर आया कि टेड्रोस अमीर देशों से खासे नाराज हैं। उन्होंने कहा- जनवरी में ही मैंने साफ कर दिया था कि वैक्सीनेशन शुरू होने के बाद नैतिक पतन होगा। बदकिस्मती से हम ये अब साफ देख भी पा रहे हैं। कुछ देश ऐसे हैं, जिनके पास वैक्सीन का ढेर है और वो उन लोगों को भी वैक्सीनेट कर रहे हैं जिन्हें कोविड-19 से बहुत कम खतरा है।

## पहले दिन 18+ के 37682 लोगों को टीका

**रांची/एजेंसी।** झारखंड में 18 से 44 साल तक के 1.57 करोड़ लोगों का कोरोना वैक्सीनेशन शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन करीब 40900 लोगों को टीका देने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें 37682 लोगों ने वैक्सीन की पहला डोज ली। कई जिलों में शुरुआत में लाभार्थियों में स्लॉट कम बुक किए थे, लेकिन शिड्यूल से ज्यादा वैक्सीनेशन हुआ। सबसे अधिक पूर्वी सिंहभूम के 5539 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। उसके बाद बोकारो में 3901, धनबाद में 2745, खूंटी में 345 लोगों ने टीके लिए।

रांची में 1000 लक्ष्य के विरुद्ध 856 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। अन्य जिलों में टीकाकरण की संख्या अच्छी रही। वहीं 4 जिले रामगढ, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में निर्धारित लक्ष्य से अधिक वैक्सीनेशन किया गया। कोडरमा में सबसे कम 313 लोगों ने टीका लिया।

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम बोले- कोरोना भी एक प्राणी है, उसे भी जीने का हक

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कोरोना को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। 13 मई के एक वायरल वीडियो में रावत कह रहे हैं कि कोरोना वायरस भी एक प्राणी है और उसे भी जीने का अधिकार है। अपने इस बयान को लेकर रावत सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने तंज कसा है कि कोरोना एक प्राणी है तो इसका आधार कार्ड-राशन कार्ड भी होगा?

'वो वायरस भी एक प्राणी है। हम भी एक प्राणी हैं। हम अपने आप को ज्यादा बुद्धिमान समझते हैं। हम समझते हैं कि हम ही सबसे ज्यादा बुद्धिमान हैं। लेकिन वो प्राणी भी जीना चाहता है और उसे भी जीने का अधिकार है। हम उसके पीछे लगे हुए हैं। वो अपने बचने के लिए अपना रूप बदल रहा है। वो बहुरुपिया हो गया है।'रावत का यह बयान ऐसे समय आया है जब देश कोरोना की दूसरी लहर से जूझ रहा है।

## 995 रुपये में मिलेगी Sputnik V की एक डोज

**नई दिल्ली/एजेंसी।** कोविड-19 वैक्सीन Sputnik V को भारत में इस्तेमाल से जुड़ी जरूरी क्लियरेंस मिल गई है। हैदराबाद में इसकी पहली डोज भी दी गई है। Sputnik V की पहली डोज डॉ. रेड्डीज लैब के कस्टम फार्मा सर्विस के ग्लोबल हेड दीपक सापरा को दी गई है। इसकी कीमत क्या होगी इस बारे में भी जानकारी सामने आ गई है। इसकी एक डोज की कीमत 995 रुपए होगी। इस वैक्सीन को मंजूरी मिलने से अब देश में कोविशील्ड और कोवैक्सीन के बाद अब तीसरी वैक्सीन भी उपलब्ध हो गई है।

## इजराइल की गाजा पट्टी पर 600 एयरस्ट्राइक

### 120 मौतों के बाद फिलिस्तीनियों का पलायन



**तेल अवीव/एजेंसी।**

इजराइल और हमास (इजराइल इसे आतंकी संगठन मानता है) के बीच पिछले 6 दिन से जंग जारी है। हमास इजराइल पर अब तक 2000 रॉकेट दाग चुका है तो बदले में इजराइल, फिलिस्तीन के कब्जे वाले गाजा पट्टी इलाके पर 600 एयरस्ट्राइक कर चुका है। इन हमलों में अब तक 120 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 27 बच्चे शामिल हैं। इजराइल में 8 लोगों की मौत हुई है। दोनों तरफ से जारी हमलों से आम जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इजराइल की एयरस्ट्राइक से घबराकर गाजा पट्टी इलाके के लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाने लगे हैं। आइए 10 तस्वीरों में देखते हैं कि इन पांच दिनों में युद्ध का लोगों पर क्या असर पड़ा है?

## अंतिम संस्कार के पैसे नहीं थे : परिजन

# रायबरेली और प्रयागराज में गंगा किनारे मिलीं सैकड़ों लाशें

**रायबरेली/एजेंसी।**

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली और उनके गृह जनपद प्रयागराज से बड़ी खबर आ रही है। यहां भी कानपुर, उन्नाव, कन्नौज, गाजीपुर और बलिया की तरह गंगा किनारे सैकड़ों की संख्या में दफन लाशें मिलीं हैं। दोनों जगह भास्कर के रिपोर्टर पहुंचे। परिजनों से जब इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि अंतिम क्रिया के पैसे नहीं थे, इसलिए दफन कर दिया।

रायबरेली में गेगासो गंगा घाट पर रेत में करीब 200 से ज्यादा शवों को देखकर ग्रामीण सहम गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन लाशों को अब कुत्ते नोच रहे हैं। ये लाशें पिछले एक महीने के अंदर ही यहां दफन की गई हैं। हालांकि जब भास्कर ने एडीएम प्रशासन राम



अभिलाष से सवाल किया तो उन्होंने इसका खंडन किया।

प्रयागराज के फाफामऊ गंगा घाट के किनारे भी बड़ी संख्या में दफन शव मिले। आस-पास के लोगों ने बताया कि हर दिन करीब 15 से 20 शवों को यहां दफन किया जा रहा है। घाट किनारे शव को दफन करने आए एक शख्स ने बताया कि महंगी लकड़ी व दाह संस्कार के खर्च का बोझ नहीं उठा सकते हैं, इसलिए शव को यहीं दफन करके जा रहे हैं। मां गंगा इन्हें मुक्ति दे देंगी। घाट के किनारे करीब 150 से ज्यादा शव दफन हैं।

उत्तर प्रदेश के 27 जिलों की रिपोर्ट से ग्राउंड रिपोर्ट करवाई। यहां 30 रिपोर्टर्स ने खुद हालात का जायजा लिया। इससे मालूम चला कि बिजनौर से उत्तर प्रदेश में दाखिल होने वाली गंगा मां के किनारे बलिया तक 2 हजार से ज्यादा लाशें पिछले कुछ दिनों में मिल चुकी हैं।

कोरोना में मौतों की संख्या बढ़ने के चलते श्मशान घाटों पर लकड़ी के दामों में इजाफा देखने को मिला है। सामान्य दिनों में जहां लकड़ी 1000 रुपए क्विंटल बिकती थी, वहीं अब मनमाना रेट वसूला जा रहा है।


Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207

Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014

+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632

Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

आवश्यकता



झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

# उपायुक्त ने किया टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।** कोविड-19 के विरुद्ध वैक्सीन एक प्रभावी हथियार है। इसे ध्यान में रखते हुए हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर तथा 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वैक्सीनेशन का कार्य पूर्व से ही चल रहा है। इसी क्रम में जिले में 14 मई से 18+ से 44 उम्र तक के लोगों का वैक्सीनेशन भी प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए पूर्व से चल रहे टीकाकरण केंद्र के अलावा कुल 12 टीकाकरण केंद्र बनाये गए हैं। शहरी क्षेत्र में रेडक्रॉस भवन एवं अग्रसेन भवन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सभी प्रखंडों में एक-एक केंद्र बनाए गए हैं। इसी क्रम में उपायुक्त राजेश्वरी बी ने 18+ से 44 उम्र तक के लोगों के लिए बनाये गए टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी सेशन साइट पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए टीका लगाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 18 वर्ष से 44 वर्ष आयु वर्ग के सभी नागरिकों को कोविड-19 के टीकाकरण से आच्छादित किया जाना है। लाभार्थी द्वारा भारत सरकार के अधिकृत ऐप, वेबसाइट कोविन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना जरूरी है। टीकाकरण केंद्र पर इस आयु वर्ग के लाभार्थियों के लिए ऑन स्पॉट पंजीकरण की सुविधा नहीं होगी। पंजीकरण हेतु लाभार्थी के पास आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर



का होना अनिवार्य है। लाभार्थी को टीका हेतु पूर्व में ही कोविन पोर्टल पर पंजीकरण कर स्लॉट बुक करना अनिवार्य है। तत्पश्चात ही उन्हें टीका लगाया जा सकेगा। उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि अफवाहों से दूर रहें, वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित एवं प्रभावी है। समय आने पर वैक्सीन अवश्य लें। अपने आसपास के लोगों को भी वैक्सीन को लेकर जागरुक करने का कार्य करें।

## बिना ई-पास के नहीं कर पाएंगे यात्रा : राजेश्वरी बी

**● चिकित्सा संबंधित यात्रा के लिए मिली छूट**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।** कोविड-19 के रोकथाम एवं इसके संभावित प्रसार को कम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह को अगले 2 सप्ताह तक विस्तारित किया गया है। अब यह 27.05.2021 के प्रातः 06:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहनों के आवागमन से जुड़े आवशयक नियमों का अनुपालन दिनांक-16.05.2021 के प्रातः 6:00 बजे से लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के तहत व्यवसायिक तथा निजी वाहनों के आवागमन हेतु निम्न बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है.

1.निजि वाहन से यात्रा करने वाले यात्रियों को ई-पास, फोटो आई -कार्ड एवं रेल अथवा हवाई यात्रा करने की स्थिति में टिकट साथ में रखना अनिवार्य है। साथ ही ई-पास वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकेगा।

2. स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं/उद्देश्यों तथा अंतिम संस्कार से संबंधित यात्राओं के लिए ईपास की आवश्यकता नहीं है।

3. राज्य के अन्दर व्यवसायिक वाहनों के रूप में निबंधित टैक्सी, टेंपो, ई-रिक्शा का परिचालन बिना ई-पास के किया जाएगा। इनके लिए वाहनों का व्यवसायिक निबंधन प्रमाण पत्र/रूट पास ही पास माना जाएगा।

4. राज्य में बाहर से प्रवेश करने वाले सभी निजी वाहनों, टैक्सी के लिए साथ में ईपास होना अनिवार्य होगा। राज्य के बाहर जाने वाले वाहनों के लिए ईपास आवश्यक नहीं होगा।

5. राज्य के अंदर निजी वाहन से एक जिले से दूसरे जिले जाने हेतु ई पास अनिवार्य होगा।

6. जिले के अन्दर भी निजि वाहन से आवागमन के लिए ई-पास अनिवार्य होगा।

7. केन्द्र सरकार , राज्य सरकार एवं अन्य राज्य सरकार के वाहन उपरोक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेगा।

8. राज्य के अंदर होकर गुजरने वाली गाड़ियों के लिए ईपास आवश्यक नहीं होगा।

9. झारखंड राज्य में आने वाले सभी लोगों को 7 दिनों के लिए क्वारंटाइन अवधि में रहना होगा।

## जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थापित चौक चेक पोस्टों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।** अनुमंडल पदाधिकारी महेश्वर महतो ने कहा कि कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के दौरान निर्धारित प्रतिबंधों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु दुमका जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थापित चौक चेक पोस्टों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुल 10 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। दुमका प्रखंड में विजयपुर चौक, काठीकुंड प्रखंड में काठीकुंड थाना क्षेत्र के समीप, रामगढ़ प्रखंड में रामगढ़ थाना के समीप, जरमुंडी प्रखंड में तालझारी, जामा प्रखंड में कैराबनी चौक, गोपीकंदर में गुम्मामोड़ तथा खरौनी बाजार, मसलिया में दलाही तथा गोटीडीह मोड, सरैयाहाट में बुढ़वाकुरा और महादेवगढ़, शिकारीपाड़ा में लोहरी पहाड़ी (मलूटी गेट)रानेश्वर प्रखंड में महेशखाला तथा दिगुली।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार के आदेश द्वारा दिए गए अनुदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वे आने जाने वाले वाहनों पर निगरानी बनाए रखेंगे यदि किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के द्वारा निर्देशों की अवहेलना की जाती है इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष दुमका को देंगे एवं ततसंबंधी प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने किया बैठक



**दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** पुलिस अधीक्षक दुमका श्री अंबर लकड़ा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय दुमका में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ कोविड-19 के बचाव हेतु नए गाइडलाइन के अनुपालन हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गए।

### रेड क्रॉस भवन में प्रारंभ हुआ कोविड-19 टीकाकरण, 180 लोगों ने लिया वैक्सीन



**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत रेड क्रॉस भवन दुमका में 18 वर्ष से 44 वर्ष उम्र तक के लोगों के लिए कोविड-19 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कुल 201 लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। सिर्फ उन्हीं लोगों को वैक्सीन लगाया जा रहा था जिन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा रखा था। जिसमें कुल 180 लोगों ने रेड क्रॉस भवन में उपस्थित होकर अपने निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाया।रेड क्रॉस भवन स्थित टीकाकरण केंद्र निरीक्षण करने पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी महेश्वर महतो ने कहा कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी युवाओं को झारखंड सरकार ने वैक्सीन देने का निर्देश दिया है। वैक्सीन लेने के लिए आरोग्य सेतु एप अथवा वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन करा कर अपने निर्धारित समय पर निःशुल्क वैक्सीन ले सकते हैं। टीकाकरण केंद्र का सिविल सर्जन डॉ अनंत कुमार झा ने भी निरीक्षण किया। वैक्सीनेशन कार्यक्रम के दौरान वैक्सीनेशन प्रभारी डॉ रमेश कुमार के साथ कई स्वास्थ्य कर्मी और स्वयं सेवक मौजूद थे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अमरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि रेड क्रॉस भवन में नियमित रूप से वैक्सीनेशन का कार्यक्रम जारी रहेगा। 18 वर्ष से ऊपर के सभी युवा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर निश्चित रूप से वैक्सीनेशन ले लें। कार्यक्रम के सफल संचालन में सोसाइटी के वाइस चेयरमैन राजकुमार उपाध्याय, सचिव अमरेंद्र कुमार यादव, संयुक्त सचिव मनोज कुमार घोष सहित कई पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक मौजूद थे।

### गोल्डेन ऐम अवार्ड्स से सम्मानित हुए प्रतिकुलपति

**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो (डॉ) हनुमान प्रसाद शर्मा को पुनः एक बार प्रतिष्ठित सम्मान 'गोल्डेन ऐम अवार्ड्स' से सम्मानित किया गया है। डायनेर्जीक बिजनेस सॉल्यूशन, मुंबई के द्वारा यह पुरस्कार वर्चुअल रूप से 11 मई 2021 को प्रदान किया गया। यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर नेतृत्व प्रदान करने व उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उत्कृष्ट लोगो को यह पुरस्कार प्रदान करती है। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा व शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने व कुशल प्रशासनिक नेतृत्व प्रदर्शन के लिए दिया गया है। गौरतलब है प्रतिकुलपति डॉ शर्मा ने इस पुरस्कार के माध्यम से ना केवल विश्वविद्यालय की



गरिमा बढ़ाई व उसका नाम सुर्खियों में रौशन किया है बल्कि विश्वविद्यालय परिवार के आत्मविश्वास व सम्मान को भी शीर्ष पर बैठाया है। पूर्व में भी डॉ शर्मा को अकादमिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने व अनुसंधान के लिए विभिन्न प्लेटफॉर्म से अवार्ड मिलता रहा है। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय आने के बाद प्रतिकुलपति के रूप में डॉ शर्मा ने कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थाओं से पुरस्कृत होकर विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है।प्रतिकुलपति डॉ शर्मा ने कैंसर के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। सरकार द्वारा निबंधित 'कैंसर सोसाइटी ऑफ झारखंड' की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने जन सेवा के भावना से एक वेब साइट भी खोले है ६६६. ड्डांल्ली१'ी.ड्ढे . इसके अन्तर्गत डॉ शर्मा ने जड़ी-बूटी के माध्यम से कैंसर के इलाज के उपाय बताए है। जिसपर उन्होंने 5 पीएचडी भी कराए है। दो एम आर पी के साथ कुल 18 रिसर्च के गाइड भी रह चुके है। डॉ शर्मा के इस उपलब्धि पर शिक्षकों में जहाँ हर्ष का वातावरण बना है वही शिक्षकों में अभिप्रेरणा का संचार हुआ है। डॉ शर्मा के इस उपलब्धि पर रजिस्ट्रार डॉ डी एन सिंह, डी एस डब्ल्यू डॉ संजय सिंह, एफ ओ डॉ अजय राम, कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ पी पी सिंह, डीन डॉ विनय कुमार सिन्हा, डॉ जय कुमार साह, डॉ हसमत अली सहित शिक्षकों में डॉ नवीन कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ जैनेंद्र यादव, डॉ राजेश यादव, डॉ राजीव सिन्हा, डॉ शम्भू कुमार सिंह, डॉ कुमार पीयूष, डॉ संजीव कुमार, डॉ सुतानु बॉडया, डॉ विनोद कुमार शर्मा आदि ने बधाई दिए।

### वन रक्षी ने जब्त की अवैध लकड़ी लदा पिकअप वैन

**दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** रानीबहाल वन परिसर के जंगलों में पेड़ों की अबैध कटाई बिना रोक टोक के जारी हैं। गुरुबार की देर रात वन रक्षी अनिल किस्कु ने ग्यारह पीस कीमती लकड़ी के साथ एक पिकअप वैन को ज़ब्त किया हैं। लकड़ी माफिया



यहां रात के अंधेरे में पेड़ो की कटाई कर पिकअप वेन से पश्चिम बंगाल के राजनगर के आरा मिल ले जाकर तस्करी करते हैं। गश्ती के क्रम में रानिबहाल वन परिसर के वन रक्षी अनिल किस्कु एवं अन्य वन रक्षी ने गुरुबार की देर रात देबानबाड़ी के पास लकड़ी से लदा एक पिकअप बाहन को जब्त कर लिया हैं। बाहन के चालक एवं लकड़ी माफिया भागने में सफल हो गए। वन रक्षी ग्यारह पीस पीपल का लकड़ी के साथ बाहन को वन परिसर ले गया हैं ।

## कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने विभिन्न प्रखंडों में चलाए जा रहे अभियान का जायजा लिया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के टीकाकरण अभियान के संयोजक मंत्री बादल पत्रलेख के निर्देश पर राज्य भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत दुमका जिले में 18-45 वर्ष के लोगों के टीकाकरण कार्यक्रम के प्रथम दिन कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने विभिन्न प्रखंडों में चलाए जा रहे अभियान का जायजा लिया एवं लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। कोरोना का टीका लगाकर ही हम कोरोना के खिलाफ लड़ाई को जीत सकते हैं।दुमका जिला कांग्रेस की टीम आज 18 से 45 साल के उम्र के लोगों के वैक्सीनेशन के प्रारंभ दिन काठीकुंड प्रखंड का भ्रमण कर चल रहे वैक्शीनेशन कार्यों का जायजा लिया। काठीकुंड प्रखंड में वैक्सीनेशन का कार्य बहुत अच्छी तरीके से चलाया जा रहा है। काठीपुड़ी प्रखंड में जन जागरण का अभाव दिखा। हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार के



द्वारा कोरोना के रोकथाम के लिए काफी प्रयास किए गए हैं। अपने बड़े बहनोई के कोरोना से निधन, बहन के कोरना पीड़ित रहने एवं पत्नी के किडनी पेशेंट होने के बावजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी के खिलाफ अभियान में निष्ठा पूर्वक जुड़े रहना उनके कार्य के प्रति समर्पण का पार्टी सराहना करती है।

काठीकुंड प्रखंड के 49 कर्मचारी, अंचल के 22, सीडीपीओ के 300,स्वास्थ्य सेवा के 300 एवं ग्राम प्रधान तथा उनके 751 सहयोगी को टीके लगाए गए हैं और सारे लोग स्वस्थ है एवं कोरोना से लड़ाई में अग्रणी भुमिका निभा रहे हैं। यह उदाहरण यहां के लोगों जागरूक करने के लिए एक बड़ी बात है। श्री सिंह नें कहा काठीकुंड कांग्रेस की प्रखंड कमेटी भी कोरोना के खिलाफ लड़ाई में प्रखण्ड प्रशासन के साथ सहयोग कर पुरे प्रखण्ड में जगरूकता अभियान चलाकर टीकाकरण अभियान को पूर्ण सफल बनायेगी। काठीकुंड प्रखण्ड चलाये जा रहे दो सेंटर तेलिया चेक बाजार और प्रखंड मुख्यालय दोनों सेंटर का जायजा कमेटी के सदस्यों ने लिया।

## विभिन्न स्थानों में अदा की गई ईद की नमाज

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।** रानीश्वर प्रखंड के विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवों में कोविड 19 की गाईड लाईन का अनुपालन करते हुए ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। बिभिन्न गांवों में सामाजिक दूरी का पालन कर दो- दो बार जकात किया गया हैं। लाकड़ाघाटी के ईदगाह में जकात हुई हैं। तत्पश्चात ग्रामीणों ने एक दूसरे को बधाई दिया हैं। लाकड़ाघाटी के ग्रामसभा के अध्यक्ष उजीर अंसारी, नाजीर अंसारी, जब्बार हुसैन, सरफराज हुसैन, फरहान अंसारी, अरबाज हुसैन, सारुख अंसारी, फारूक अंसारी, जमाल मियां, अकरम हुसैन, इमरान हुसैन, गुल×फराज हुसैन, तनवीर अंसारी, सनवीर अंसारी, तानिया परवीन कौशर मियां, परवेज



अंसारी, फैमुद्दीन एवं अन्य लोगो ने सादे समारोह में एक दूसरे को बधाई दिया हैं। गयासुद्दीन अंसारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण की विकट स्थिति में लोगो ने अल्लाह से संक्रमण मुक्त विश्व की दुआ मांगी हैं। सुखजोड़ा पंचायत के एकताला के मस्जिद मे ईद के मौके पर शुक्रवार की सुबह सात बजे मौलाना शेख सबुत ने लोगो को नमाज अदा कराया हैं। कोरोना संक्रमण की भयबहता एवं कोविड की गाईड लाईन को मानते हुए लोगो ने सामाजिक दूरी का पालन कर ईद मनाया हैं। मौके पर मकवुल खान, सकील खान, आरिफ खान, आपु खान, कटु खान, समसाद खान, दिलशाद खान, नियाम खान ने काफी उत्साह के साथ ईद उल फितर मनाया हैं।

## कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करने वाले 6 दुकानदारों का काटा गया चालान

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।** कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सरकार द्वारा 27 मई तक स्वास्थ्य सुरक्षा सप्ताह के तहत लॉकडाउन किया गया है। लॉकडाउन को पूर्ण रूप से अनुपालन कराने हेतु सरैयाहाट के प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानन्द जायसवाल के नेतृत्व में चौक-चौराहों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी को निदेश दिया कि बाजार में छूट दिए गए दुकानो को छोड़कर सभी दुकान व व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। अति आवश्यक कार्य होने पर ही सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मास्क पहन कर ही घर से निकलेंगे।

बेवजह घर से बाहर निकलने वालो एवं कोरोना के गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर विधि सम्मत करवाई की जायगी।

इस दौरान मास्क चेकिंग अभियान भी चलाया गया। बिना मास्क के घूम रहे 4 लोगों एवं कोविड-19 गाइडलाइन का उल्लंघन करने वाले 6 दुकानदारों का चालान काटा गया। कुल 3300/-रुपए वसूले गए।

घर में रहें सुरक्षित रहे। मास्क,सैनिटाइजर एवं सामाजिक दूरी का पालन आवश्यक है.



## जिले के सभी टीकाकरण केन्द्रों पर 18+वैक्सिनेशन की हुई शुरुआत

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका ।** दुमका जिला अंतर्गत सभी टीकाकरण केंद्र पर 18 प्लस वैक्सीनेशन की शुरुआत हो गई है। जिला में कुल 12 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। रेडक्रॉस भवन, अग्रसेन भवन, दुमका, सदर प्रखंड दुमका, प्रखंड परिसर गोपीकांदर, प्रखंड परिसर जामा, प्रखंड परिसर काठीकुंड, उच्च विद्यालय जरमुंडी, प्रखंड परिसर मसलिया, प्रखंड परिसर रामगढ़, प्रखंड परिसर रानेश्वर, प्रखंड परिसर सरैयाहाट, प्रखंड परिसर



शिकारीपाड़ा को कोविड टीकाकरण केंद्र बनाया गया है। कुल 632184 लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी प्रखंड में एक-एक अलग से (पूर्व में संचालित एचसीडब्ल्यू, एफएलडब्लू एवं 45 वर्ष से ऊपर तक को छोड़कर) कुल-10 टीकाकरण केंद्र एवं दुमका शहरी क्षेत्र के लिए दो टीकाकरण केंद्र बनाया गया है। लाभार्थी अपने मोबाइल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर टीकाकरण करा सकते हैं। उपायुक्त ने सभी जिला वासियों से आग्रह किया है कि पूर्व में संचालित एचसीडब्ल्यू, एफएलडब्लू एवं 45 वर्ष से उपर के लाभार्थियों एवं टीकाकरण की दूसरी खुराक के लिए जो बाकी हैं वे पूर्व के टीकाकरण स्थल पर जाकर टीकाकरण कराएं तथा 18 वर्ष से 44 वर्ष के लाभार्थी नए टीकाकरण स्थल पर जाकर कोविड-19 का टीकाकरण कराएंगे।






# संक्षिप्त समाचार

## कोरोना को दी मात, 145 को भेजा गया घर, 14 दिनों तक रहेंगे होम क्वारेंटाइन

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** शुक्रवार को जिले में कोरोना के 145 मरीज ने बीमारी को मात देते हुए जिंदगी की जीत हासिल की। डॉक्टर ने 14 दिनों तक होम क्वारेंटाइन में रहने का निर्देश दिया है। आई फॉलोअप रिपोर्ट में 145 मरीज की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। जिले में वर्तमान एक्टिव मरीजों की संख्या 375 है।

## हत्यारों ने हत्या कर आंख निकाली, गांव में मची सनसनी

**पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** संताल परगना में दिन प्रतिदिन अपराधियों का हौसला बुलंद होता दिख रहा है। आय दिन अपराधी छोटी बड़ी घटना को अंजाम देने में लगें है. ऐसा ही एक मामला पाकुड़ में शुक्रवार को हुई है. पाकुड़ जिले के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत इशाकपुर गाँव में अंसारुल शेख की हत्या कर आँख निकाल दी गयी। हत्या के बाद शव को इशाकपुर गाँव निवासी नजरुल इस्लाम के पोखर के पास फेक दिया गया। मृतक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जय कीस्टोपुर गाँव का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग आज सुबह नजरुल के तालाब के निकट नहाने के लिए पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इस घटना की सुचना पुलिस को दी. घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दिलीप कुमार मल्लिक सहित पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इधर एसडीपीओ अजित कुमार विमल भी घटनास्थल पहुंचे और मामले को लेकर पूछताछ की। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गयी है। इस निर्मम हत्या को लेकर पुलिस मृतक के परिजनों से आवश्यक पूछताछ कर अपराधियो का पता लगाने में जुट गयी है।



## झुंड से बिछड़े जंगली हाथी ने सुलेमान को कुचला

**दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** काठीकुंड थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव में गुरुवार रात को झुंड से बिछड़े जंगली हाथी को भगाने के दौरान हाथी ने 30 वर्षीय सुलेमान सोरेन उर्फ राजा को कुचलकर मार डाला। वन विभाग की टीम व प्रशासन ने घटनास्थल से शव को उठाकर रात में मृतक के पिता शिवलाल सोरेन को सौंप दिया था। वन विभाग व प्रशासन ने शुक्रवार को सुबह मृतक के पिता शिवलाल सोरेन को 25 हज़ार रुपए मुआवजा दिया और शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जंगली हाथी मंगलवार से प्रखंड के धनकुटा धानियापहाडी कैरासोल खैरबीर जंगल में डेरा डाले हुए थे। ग्रामीणों द्वारा हाथी को सुरक्षित स्थान में पहुंचाने के ख्याल से हाथी को भगाने का प्रयास किया जा रहा था। गुरूवार रात को हाथी चंद्रपुरा गांव आ गया। हालांकि वन विभाग की टीम ने इसकी सूचना माईकिंग के द्वारा ग्रामीणों को देकर अगाह किया गया था। बावजूद ग्रामीणों अपनी सुरक्षा को देखते हुए हाथी को भगाने के लिए जूट गये थे। इसी दौरान ग्रामीण देर रात करीब दस बजे हाथी को गांव से बाहर खदेड़ रहे थे, इसी क्रम में हाथी ने यूवक को कुचल कर मार दिया। घटना की ख़बर मिलते ही थाना प्रभारी श्यामल कुमार मंडल वन विभाग के कर्मचारी साकेत कशयप ने घटनास्थल पहूंच कर शव को मौके से उठाकर रात भर परिजनों के घर में रखा, शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## निफा के कार्यकर्ता वैक्सीनेशन लेने के लिए कर रहे प्रेरित



**दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** रेड क्रॉस सोसाइटी दुमका, अग्रसेन भवन, फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका, स्वास्थ्य केंद्र प्रखंड दुमका में निशुल्क साथ ही जामा ब्लाक में निफा युवा समन्वय सुमंत कुमार के नेतृत्व में जामा ब्लॉक में सेवा दे रहे हैं। निफा के जिला अध्यक्ष शशि प्रभा सोरेन स्वयं ने कोविड-19 का पहला डोज लगाया एवं दूसरों को भी वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जतिन कुमार ने कहा कि कोविड-19 महामारी में लगातार अपनी सेवा दुमका से जामा तक दे रहे हैं। साथ ही जिला प्रशासन को कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं। लगातार गरीब लोगों को निशुल्क में चावल, महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड, मास्क, हैंड क्लब्स, पल्स ऑक्सीमीटर, सैनिटाइजर आदि का वितरण निशुल्क में किया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्र में लगातार वैक्सीनेशन एवं कोविड-19 जांच के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी भाग्यश्री शर्मा,सुमन बराट, सुमित भंडारी, दीपक राय, रमेश मंडल लगातार कोरोना योद्धा के रूप में काम कर रहे हैं।

## समाजिक कार्यकर्ता ने किया मास्क वितरण

**दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते समाजिक कार्यकर्ता राजू पुजहर और शिवेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को रामगढ़ प्रखंड के पनिसपी, करेला, तितको, हाथी मोड़, ठेगा पहाडी़, जलवें सुदूरवर्ती गाँव में मास्क वितरण किया गया। साथ ही स्थानीय लोगों कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप से बचाव करने सावधानी बरतने वाले जरूरी जानकारी दी गई । राजू पुजहर ने बताया कि कोरोना संक्रमित व्यक्तियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जो कि आमजनों के लिए खतरनाक बनती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए नियमित रूप से मास्क पहनने एवं सामाजिक दूरी बनाए रखने, हाथों को सेनिटाइज करने का सलाह दी गई। समाजिक कार्यकर्ता शिवेंद्र जायसवाल ने बताया कि अत्यंत जरूरी होने पर ही घर से निकलें साथ ही भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जानें से बचें और मास्क सेनिटाइजर का उपयोग करें.मास्क के साथ-साथ दो गज की सामाजिक दूरी का पालन किया जाना चाहिए।



# डीसी ने जिला स्तरीय बैठक की, प्रवासी मजदूरों का कोरोना जाँच करने का दिया निर्देश




(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में आवासीय कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान उपस्थित सभी वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण स्तर पर कितने लोगों को कोरोना वायरस टीकाकरण लगाया गया है एवं कितने लोगों को नहीं लगाया गया है। कितने लोग बाहर से आए हुए हैं उन सब की स्वास्थ्य के बारे में जानकारी के लिए टीम गठित कर सर्वे कराएं एवं उक्त लोगों का पूर्ण विवरण के साथ प्रतिवेदन समय सीमा के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया। ऐसा देखा जा रहा है कि बाहर से आए हुए प्रवासी मजदूर आकर अपने आप घर में प्रवेश करते हैं जिसके कोरोना जांच नहीं हो पा रहा है। इन सबको देखते हुए यह टीम गठित कर सर्वे के दौरान जांच करना उचित प्रतीत होता है। उक्त लोगों का प्रतिवेदन में पूर्ण विवरण होना चाहिए। यदि कोई अफवाह फैलाते हैं तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करने का भी निर्देश दिया। ताकि उनपर कारवाई किया जा सके। साथ ही साथ कितने लोगों को पहला डोज लगा है और कितने का दूसरा डोज पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। उन सब की स्वास्थ्य की जांच रिपोर्ट पर अंकित होना चाहिए ताकि उनका बेहतर इलाज हो सके। मौके पर पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल, उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शिवनारायण यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी, जिला शिक्षा अधीक्षक दुर्गानंद झा, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सुमन कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## डीसी व एसपी ने जिले के दो वैक्सीनेशन सेंटर का किया निरीक्षण




(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
राज्य सरकार के दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में पाकुड़ जिला के 13 केंद्रों में 18 से 44 वर्ष के उम्र के युवाओं को वैक्सीनेशन का कार्य शुक्रवार को प्रारंभ किया गया। वहीं पाकुड़ उपायुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी मणिलाल मंडल एंव डीडीसी अनमोल कुमार सिंह ने शहर के पुराना सदर अस्पताल स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा हिरणपुर प्रखंड के तोड़ाई में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को उपायुक्त के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वैक्सीनेशन सेंटर में मौजूद युवाओं को उन्हें प्रेरित करते हुए वैक्सीन लेने के बाद अपने अपने परिवार के सदस्यों को भी वैक्सीन लगाने को प्रेरित करने का आहवान किया। राज्य सरकार के दिए गए दिशा निर्देश के बाद जिला प्रशासन के द्वारा 18 से 44 वर्ष की उम्र के लोगों को वैक्सीन देने के लिए तैयारी की गई है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान समेत कई चिकित्सक व कर्मी मौजूद थे।

## प्रखंड के पुराना सीएचसी एवं नये सीएचसी में सैकड़ों लोगों का कोविड-19 का सैंपल संग्रह किया गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।**
कोरोना वायरस के रोकथाम व इससे बचाव के को लेकर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में कोविड 19 की जांच के लिए शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार मरांडी की उपस्थिति में विशेष जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान आम जनो का कोविड 19 जांच हेतु सैम्पल संग्रह किया गया। साथ ही शिविर में सैम्पल देने वालों का पूरा विवरण भी एकत्र किया गया।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी स्वाब एवं एंटीजन किट व ट्रू नेट मशीन व आरटीपीसीआर के माध्यम से की गई। प्रभारी चिकित्सक ने बताया की जाँच शिविर में सैकड़ों लोगों का स्वाब एवं एंटीजन के द्वारा सैम्पल लिया गया। बीडीओ निशा कुमारी सिंह ने भी अपना कोविड जाँच कराया. डॉ प्रेम कुमार मरांडी ने बताया की बीडीओ का एंटीजॉन किट के माध्यम से कोविड जाँच किया गया. जिसका रिपोट नेगेटिव आया हो. बीडीओ ने बताया की लोगों के मन में जो डर है उसे निकालना है इस लिए हमने अपना कोविड जाँच डॉ के उपस्थिति में कराया.

## 100 से अधिक 18 से अधिक उम्र के युवाओं की दिया गया कोविड का पहला डोज

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
कोविड वेक्सिनेसन का तीसरे फेज की शुरुआत शुरुवर से शुरू हुई. 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के टीकाकरण के लिए 13 टीकाकरण केंद्र पर युवाओं की भागीदारी बड़चढ़ कर दिखी. उत्साह से लवरेज युवाओं ने मास्क पहनकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए टीका लिया. टीकाकरण के पहले उनका ऑनलाइन पंजीकृत किया गया. टीका केंद्र पर स्वयं डीसी पहुंचकर टीकाकरण अभियान का निरीक्षण किया. युवाओं




को अधिक से अधिक टीका लेने में भागीदारी लेने की अपील की. वही अमड़ापाड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना एवं नये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग सेकड़ों 18 से अधिक उम्र के युवाओं को दिया गया टीका. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार मरांडी ने बताया की आज 18 से 44 उम्र तक के युवाओं को टीका दिया गया.

## जिले में 2 कोरोना संक्रमित की पुष्टि

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने शुक्रवार को जिले में 2 कोरोना संक्रमित मिलने की पुष्टि की है। कोरोना संक्रमित की पुष्टि होने पर उक्त मरीजों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उचित प्रबंध किया जा रहा है. मिले नए 2 कोरोना पॉजिटिव मरीजों को मिलाकर जिले में एक्टिव कोरोना मामलों की संख्या 520 है। उपायुक्त ने जिलावासियों से आग्रह किया है कि कोरोना वायरस के संभाव्य प्रसार को रोकने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। अनावशयक अपने घरों से बाहर ना निकलें, मास्क का प्रयोग करें, नियमित हाथों को साबुन से धोयें या सैनिटाइजर का प्रयोग करें, यत्र-तत्र न थूकें।

# सादगी से घर पर मना ईद, मोबाईल पर मैसेज कर दी ईद की बधाई

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
ईद में भी कोरोना का भय और लॉकडाउन का असर देखा गया। पूरे जिले में लोगों ने सादगी के साथ ईद मनाया. घर पर ही नवाज की अदायगी कर एक दुसरे को मुबारक बाद दी. लेकिन लॉकडाउन, शारीरिक दूरी और प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करते हुए। न कहीं लॉकडाउन व प्रशासन के निर्देशों का उल्लंघन हुआ और न ही लोगों ने शारीरिक दूरी का ख्याल रखना भूला। ईद में पहली बार ऐसा देखने को मिला कि मस्जिदों और ईदगाहों के बजाय लोगों ने अपने-अपने घरों में ही नमाज अदा की। इस दौरान सभी ने कोरोना महामारी से अपने देश को मुक्त करने और शांति व खुशहाली की दुआ की। एक खास बात यह भी रही कि इस ईद में मुस्लिम भाई गले मिलने के बजाए दिल से मिले और एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। ईद को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। शांतिपूर्वक ईद संपन्न कराने के लिए पुलिस क्षेत्र में गश्त करती रही। जगह-जगह पुलिस के जवान और सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे। वही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मिस्फिका हसन ने सरकार का निर्देश का पालन करते हुए घर पर ही ईद पर्व मनायी. उन्होंने कहा की देश और राज्य की इस विकट स्थिति को देखते हुए सरकार का निर्देश पालन किया गया. लोगों से आग्रह है की इस कोरोना काल में घर पर रहें, सुरक्षित रहे, और मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें.



वही जिले के सभी प्रखंड पाकुड़, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा, महेशपुर एवं पाकुडिया प्रखंड के विभिन्न गांवों में सादगी के साथ ईद मनाई गई। लोगों ने अपने-अपने घर में ही शारीरिक दूरी का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की। मस्जिदों में जमात के साथ ईद की नमाज नहीं पढ़ी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसआई संतोष कुमार पुलिस जवानों के साथ सुबह से मस्जिदों में पहुंचकर जायजा लेते रहे। थाना प्रभारी ने सभी मुस्लिम भाइयों को धन्यवाद दिया। कहा कि लॉकडाउन का पालन करते हुए सरकार का आदेश व प्रशासन के निर्देश पर सभी मुस्लिम भाइयों ने अपने घर में ही नमाज अदा की है। क्षेत्र में किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

## झामुमो नेता ने ईद पर गरीबों के बीच किया वस्त्र एवं दूध मिठाई वितरण

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।**
ईद पर्व में गरीब परिवार के लोगों के चेहरों पर भी खुशियां झलके, इसके लिए शुक्रवार को झामुमो नेता विकास कुमार साहा ने हिरणपुर प्र-खंड के धोवाडांगा एवं लखनपुर गांव में दर्जनों गरीब मुस्लिम परिवार के बीच वस्त्र एवं सवाई वितरण किया। यहां गरीब परिवार को ईद के शुभ अवसर पर साड़ी, लुंगी, सैवई, दूध एवं मिठाई से भरी कीट का वितरण किया गया है। झामुमो नेता विकास कुमार साहा ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के महत्वपूर्ण त्योहार ईद के मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले गरीबी तबके के परिवारों तथा उनके नन्हे मुन्ने बच्चों



जिन्हें नये कपड़े और सैव्ई खरिदने पर मजबुर हैं वैसे लोगों को चयनित करते हुए एक साड़ी, एक लुंगी तथा एक किलो सैवई का वितरण किया। दर्जनों गरीब मुस्लिम परिवार लोगों के बीच सामग्री से भरा कीट का वितरण किया गया है। इस मौके पर विकास साहा ने कहा कि सभी अच्छे से ईद का त्यौहार मनायें। ईद सभी के जीवन में खुशियां लाये। वर्तमान कोरोना संकट में सावधानी बरतें। ईश्वर से दुआ करें कि पूरी दुनिया को इस संकट से निजात मिले, घरों में रहें, सुरक्षित रहें।

## सभी प्रखंडों में सादगी के साथ मनाई गई ईद का पर्व

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**अमड़ापाड़ा/ हिरणपुर/ लिट्टीपाड़ा/ महेशपुर/ पाकुडिया (पाकुड़)।**
अमड़ापाड़ा बाजार सहित पाडेरकोला, जामुगडिया गांवों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सादगी के साथ ईद मनाई गई। लोगों ने अपने-अपने घर में ही शारीरिक दूरी का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की। मस्जिदों में जमात के साथ ईद की नमाज नहीं पढ़ी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसआई संतोष कुमार पुलिस जवानों के साथ सुबह से मस्जिदों में पहुंचकर जायजा लेते रहे। थाना प्रभारी ने सभी मुस्लिम भाइयों को धन्यवाद दिया। कहा कि लॉकडाउन का पालन करते हुए सरकार का आदेश व प्रशासन के निर्देश पर सभी मुस्लिम भाइयों ने अपने घर में ही नमाज अदा की है। क्षेत्र में किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।



# 18 से 44 वर्ष के 63 लोगों को तिसरी में पड़ा टिका, 9 बजे खुलना था 10 बजे के बाद खुला वेक्सिनेशन सेंटर

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**गिरिडीह ।**
तिसरी प्रखण्ड के लोगो को वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से बचाव के हेतु सुक्रवार को 18 वर्ष से 44 वर्ष तक उम्र के 63 लोग और 45 से अधिक उम्र के 20 लोग कुल 83 लोग को बीडीओ सुनील प्रकास, सीओ असीम बाडा, डॉक्टर देवब्रत कुमार के उपस्थिति में वैक्सिनेटर डिप्टी तिग्गा और सहयोगी मयालाता द्वारा टिका दिया गया। वैक्सिनेशन से पूर्व भेक्सिन लेने हेतु उपस्थित 93 युवा युवती का एन्टीजन किट द्वारा कोरोना जांच की गई। जिसमें 2 लोग पोजेटिव पाये गये उन्हें टिका नही दिया गया। इस मौके पर मिथलेश पांडेय यूनिसेफ कार्यकर्ता, प्रवीण कुमार डेटा मैनेजर, रितेश कुमार बाम द्वारा सहयोग किया गया।
वेक्सिनेशन सेंटर पर उपस्थित राजकीय अस्पताल तिसरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ देवब्रत कुमार ने बताया 13 मई राजकीय अस्पताल तिसरी आंकड़ा के अनुसार सिंघो से एक और तिसरी से एक कुल दो कोरोना पोजेटिव मरीज आरटीपीसीआर जांच में पाया गया है। उन्हें होंम कोरेन्टीन में रहकर दवाई और ताजा भोजन लेने की सलाह दी गई है। पिछले सप्ताह के रिपोर्ट के अनुसार तिसरी के 11 स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित हो गये थे। जिसमें 10 लोग स्वस्थ्य हो गये और एक इलाजरत है। उन्होंने कहा 45 से अधिक उम्र के लोगो के लिये खिजुरी और बरवाडीह सेंटर पर दिनों भर भेक्सिनेशन कार्यकर्ता बैठा रहा लेकिन 1 भी लोग टिका लेने नही आये। स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित होने के कारण सेंटर थोड़ा लेट से खुला।
सीओ असीम बाड़ा ने कहा 14 से 44 वर्ष के युवा युवती को सिर्फ मुख्यालय के पुराने प्रखण्ड भवन में ही टिका दिया जा रहा है। अन्य केंद्रों पर सिर्फ 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो के लिए है ।
बीडीओ सुनील प्रकाश ने कहा सेशन साइट्स पर कोविड प्रोटोकॉल का उचित अनुपालन सुनिश्चित करते हुए टीका लगाने का कार्य किया गया। तिसरी प्रखण्ड सेशन साइट्स पर एक दिन में 100 लोगों को टीका लगाया जाना था। जिसमे 65 व्यक्ति ही पहुचे 2 कोरोना संक्रमित होने के कारण 63 युवा युवती को ही टिक लगाया गया। टीकाकरण को लेकर युवाओं में काफी उत्साह का माहौल दिखा। टीका केंद्र पर कोविड प्रोटोकॉल का उचित अनुपालन किया गया। लक्षित लाभार्थियों को कोविड का टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सरकारी टीकाकरण केन्द्र में निःशुल्क किया जा रहा है।
18 वर्ष या उससे अधिक एवं 44 वर्ष की आयु को पूर्ण कर लिया हो उनको ही यह वैक्सीन दी जा रही है। लाभार्थी को कोविड वैक्सीनेशन सेंटर के चयन की सुविधा उपलब्ध है। उपलब्ध समय स्लॉट में अपनी सुविधानुसार टीकाकरण की तिथि का चयन करने की सुविधा उपलब्ध है। लाभार्थी द्वारा भारत सरकार से अधिकृत एप/वेबसाईट कोविन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना जरूरी है। सत्र स्थल पर इस आयुवर्ग के लाभार्थियों के लिए ऑनस्पॉट पंजीकरण की सुविधा नहीं होगी। पंजीकरण हेतु लाभार्थी के पास आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर का होना अनिवार्य है। लाभार्थी को टीका हेतु पूर्व में ही कोविन पोर्टल पर पंजीकरण कर स्लॉट बुक करना अनिवार्य है तत्पश्चात ही उन्हें टीका लगाया जा सकेगा। वैसे व्यक्ति जिन्होंने अपना पंजीकरण नहीं कराया है वे कृपया टीका केंद्र पर न पहुंचे, उन्हें टीका नहीं लगाया जाएगा।
कोविड संक्रमित, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को टीका नहीं लगाया जाएगा।
तिसरी प्रखण्ड के लोगो को वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से बचाव के हेतु सुक्रवार को18 वर्ष से 44 वर्ष तक उम्र के लोग 9 बजे सुबह ही भेक्सिनेशन सेंटर पर पहुच कर हल्ला बोल रहे थे। सेंटर पर 10 बजे के बाद पहुचे भेक्सिनेशन टीम। जिसके कारण युवा युवतियो को 1 घण्टे के बाद टीकाकरण लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। टिका लेने पहुचे शहरपुरा जमुआ निवासी, रणवीर कुमार भारती और तिसरी प्रखण्ड पपीलो नावाडीह निवासी सुमन कुमार, नवीन कुमार, लोकाई निवासी बुलबुल कुमारी, ईश्वर मण्डल, तिसरी निवासी अजय कुमार पंडित, हर्षा गोयल, वर्षा गोयल और अपूर्वा गोयल ने कहा स्वास्थ्यकर्मी को समय पर ही केंद्र पर पहुच जाना चाहिये। जिससे लोगो मे टिका लेने के प्रति और उत्साह रहेगा। बेवसाइट पर सेंटर पर भेक्सिन प्रारंभ का समय 9 बजे है और स्वास्थ्यकर्मी 10 बजे के बाद पहुचते है सरकारी नियम के बिरुद्ध है ।



## वैक्सीन लगाने के लिए युवाओं में दिखा खासा उत्साह



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**फुसरो।**
कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान के तहत फुसरो स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को टीका लगाए जाने की शुरुआत हुई. इस बीच वैक्सीनेशन को लेकर युवाओं में खास उत्साह नजर आया सुबह से ही अस्पताल में युवक-युवतियों की कतार लगानी शुरू हो गई.
पहले दिन अस्पताल में कुल 100 लोगों को कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया गया. इस बीच पहले दिन 18 वर्ष प्लस के 87 युवक - युवतियों ने कोरोना रोधी टीका लगवाएं. वही 45 वर्ष प्लस के 13 लोगों का भी टीकाकरण हुआ.
पहले दिन टीकाकरण अभियान में उन्हीं युवक-युवतियों का टीकाकरण किया गया जिन्होंने अपना पंजीकरण कर हुआ था.
काफी उत्साहित दिखे युवा 18 प्लस के टीकाकरण की शुरुवात होने के साथ ही अस्पताल में वैक्सीनेशन कराने पहुंचे युवक-यवतियों में काफी उत्साह नजर आया. सभी लोग अस्पताल परिसर में शारीरिक दूर का पालन करते हुए कतारबद्ध होकर लगाए. यहां वैक्सीन लगाने के लिए पहुंचे अनिकेत तिवारी प्रशांत कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, विवेक तिवारी, श्वेता रानी, सोनी कुमारी, विवेक तिवारी, ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीन ही एकमात्र विकल्प है. युवाओं को बढ़-चढ़कर कोरोना टीका लगाना चाहिए, ताकि इस महामारी से बचा जा सके. साथ ही कहा कि अनावश्यक घर से बाहर ना निकले भीड़-भाड़ से बचे. नियमित मास्क पहने.
वही सीसीएल ढोरी के जीएम कॉलोनी स्थित अधिकारी क्लब (लेडीज क्लब) में युवाओं को वैक्सिन लेने की प्रति जागरूक देखा गया. महामारी से बचने के लिए हर कोई वैक्सिन लगवाने को आतुर दिखे. बड़ी संख्या में लोग कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए सेंटर पर पहुंच रहे थे. लोगों को बढ़ती भीड़ को देखते हुए और गार्डों को तैनात किया गया. शनिवार को भी लेडीज क्लब में वैक्सीन देने का कार्य किया जाएगा. ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एसके भारतीय ने कहां की हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लगाने के दिशा में अग्रसर हैं. सारे लोगों से आशा करते हैं इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और सहयोग करें. जिससे हम इस महामारी में अपने पूरे देश को सुरक्षित रख सकें. अभियान में सीसीएल से जुड़े कई अधिकारी और कर्मचारी सहयोग के रूप में अपना योगदान दे कर रहे हैं. जिसमें मुख्य रूप से उमाशंकर महतो, अरुण प्रसाद, असिस्टेंट मैनेजर शैलेश कुमार एवं दर्जनों लोगों ने योगदान दिया.

## 18 से 44 वर्ष तक के कोरोना टीकाकरण शिविर का विधायक ममता देवी ने किया शुभारंभ



(झारखण्ड देखो.प्रतिनिधि)

**रामगढ़।**
राज्य सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार से रामगढ़ जिले में 18 से 44 वर्ष तक के व्यक्तियों के लिए कोरोना टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस दौरान माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती ममता देवी ने स्वयं रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में 18 से 44 वर्ष तक के व्यक्तियों के लिए बनाए गए कोरोना टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी व्यक्तियों से कहा कि कोरोना संक्रमण के चेन को तोड़ने के लिए यह बहुत जरूरी है कि सभी योग्य व्यक्ति अनिवार्य रूप से कोरोना के टीके का दोनों दोज ले, उन्होंने कहा कि कोरोना का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है और टीके के दोनों डोज पूरे होने के उपरांत कोरोना होने का खतरा ना के बराबर है और अगर किसी कारण से फिर भी कोरोना हो जाता है तो उसका प्रभाव अत्यंत कम अथवा नहीं होता है। इस दौरान सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर गीता सिन्हा मानकी ने केंद्र पर आए सभी व्यक्तियों से कहा कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए मास्क और सामाजिक दूरी तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही कोरोना का टीका लेना बहुत आवश्यक है, इसलिए आप सभी खुद भी टीका ले तथा अन्य लोगों को भी टीका लेने के प्रति जागरूक करें।टीकाकरण शिविर के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह ने सबसे पूर्व केंद्र पर माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती ममता देवी, सिविल सर्जन डॉ गीता सिन्हा मानकी तथा डीआरसीएचओ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद का स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने टीका लेने आए सभी व्यक्तियों को टीकाकरण के महत्व एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ ने सभी व्यक्तियों को टीकाकरण हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।रामगढ़ कॉलेज के साथ ही सोमवार को माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती ममता देवी ने सुभाष चौक रामगढ़ के समीप छावनी बालिका विद्यालय में बनाए गए कोरोना टीकाकरण केंद्र का भी निरीक्षण कर वहां 18 से 44 वर्ष तक के लोगों को दिए जा रहे कोरोना के टीके की जानकारी ली। मौके पर सिविल सर्जन डॉ गीता सिन्हा मानकी, डीआरसीएचओ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ डॉ ठाकुर मृत्युन्जय कुमार सिंह, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्रा, जिला जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार पासवान, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता मुकेश यादव, मुन्ना पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## बड़कागांव में कोविड-19 की गाइडलाइन के तहत सादगी के साथ ईद मनाई गई

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** मुस्लिम धर्मावलंबियों की विशेष त्यौहार ईद कोविड-19 गाइडलाइन के तहत सादगी के साथ बड़कागांव में मनाई गई। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोगों ने ईद की नमाज़ अपने अपने घरों में अदा की। नमाज़ पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोरोना वायरस और लॉकडाउन के कारण त्यौहार का जश्न अधूरा ही रहा। बादम, बड़कागांव, चोपदार बलिया, सिरमा, महुदी, चेपा, जुगरा, डाडी, के मस्जिदो में सुरक्षा सप्ताह के गाईडलाइन के तहत सीमित लोगों ने ईद की नमाज अदा की। हर बार ईद में लोग गले मिलकर एक दूसरे के घरों में दावतों में शरीक होकर मिलजुल कर खुशी मनाते थे लेकिन कोविड-19 को देखते हुए त्यौहार के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाई गई। त्यौहार में नए कपड़े पहनने का रिवाज है, लेकिन इस बार लोगों ने पुराने कपड़ों में ही नमाज़ अदा की। ईद के मौके पर कोरोना वायरस के खात्मे और देश में अमन चैन के लिए विशेष दुआ की गई।

## कोविड मरीजो के लिये मददगार साबित हो रहा है अपेम आपदा हेल्प डेस्क

**हजारीबाग/बरकट्ठा। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** कोरोना को लेकर आम जन मानस में जागरूकता पैदा करने एवं कोविड मरीजो की सहायता के लिए अपेम ट्रस्ट बरही के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल बरही के सामने अपेम कोविड आपदा हेल्प डेस्क बनाया गया है। जहां प्रतिदिन दो शिफ्ट में कोविड मरीजो एवं उसके परिजनो को कोविड से रिलेटेड चिकित्सीय परामर्श सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। हेल्प डेस्क काउंटर पर मुख्य संरक्षक कपिल केशरी स्वयं बैठकर मरीजो की समस्या सुनकर उनके समाधान का प्रयास कर रहे हैं। हेल्प डेस्क इंचार्ज सोनू पंडित, पप्पू केशरी एवं पंकज कुमार ने बताया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से अपने चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। अपेम ट्रस्ट की ओर से कोरोना जागरूकता के लेकर पम्पलेट भी तैयार किया गया है। जिसका वितरण भी हेल्प डेस्क काउंटर से किया जा रहा है। जरूरत के अनुसार मास्क का भी वितरण किया जा रहा है। हेल्प डेस्क काउंटर में ऑक्सीमीटर भी उपलब्ध कराया गया है।

## पूरी तरह से सुरक्षित है कोरोना का टीका, अवश्य लें- अंबा प्रसाद

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को बड़कागांव, केरेडारी एवं गरीकला मे आयोजित कोरोना वैक्सीनेशन सेंटर पर निरीक्षण करने पहुंची. उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कोरोना के दोनों टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं इसलिए बेझिझक होकर अपनी सुरक्षा के लिए कोरोना का टीका अवशय लें. विधायक ने टीकाकरण कार्यक्रम की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना का यह टीका झारखंड सरकार द्वारा मुफ्त में दी जा रही है, इसलिए कॉविड पोर्टल या आरोग्य सेतु एप में रजिस्ट्रेशन कराते हुए टीकाकरण मे अवशय ही अपनी भागीदारी करें. विधायक ने सेंटर में प्रतिदिन लगाए का रहे टीकाकरण की जानकारी ली एवं लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने को कहा. लोगों में टीकाकरण को लेकर काफी उत्साह देखी जा रही है, 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस वैश्विक महामारी से निपटने में यही एक कारगर हथियार है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति हुए घायल

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** बरकट्ठा के बंडासिंघा से इचाक जाने वाली मार्ग पर हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गया। हुई सड़क हादसे में ग्राम खैरा इचाक निवासी प्रकाश कुमार सिंह 32 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहन सिंह तथा उमेश कुमार सिंह 18 वर्ष पिता कैलाश सिंह मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।** कटकमदाग मे हर्षोल्लास के साथ परशुराम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुवे अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय अपने पैतृक गाँव मेयातु मे भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का आयोजन किया। सर्व प्रथम भगवान परशुराम के तस्वीर पर फूल, माला, दीप प्रज्वलित कर वेदोक्त मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना व महाआरती किया गया, नैवैद्य स्वरूप लड्डू का भोग लगाया गया तथा समाज के लोगो के बीच व गरीब लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सबो ने एक स्वर में भगवान विष्णु के अंशावतार से कामना की कि इस कोरोना महामारी से मानव जाति को बचाये।

## अकीदत के साथ घरों में अदा की गई ईद की नमाज़

- **अमन चैन के साथ मांगी गई कोरोना महामारी से निजात की दुआ**

**रामगढ़। (झारखण्ड देखो. प्रतिनिधि)।** जिले भर में गुरुवार संध्या को आसमान में घने तारों के बीच चाँद का दीदार होते ही मुस्लिम धर्मालंबियों के बीच खुशी छा गयी। इस बीच लोगों ने रंग बिरंगे पटाखे छोड़ते हुए शुक्रवार को सवेरे सूर्य की पहली किरणों की प्रतीक्षा में उत्साह के साथ रात जागते हुए बिताया और फिर सवेरा होते ही कोरोना संक्रमण को देखते हुए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत अपने अपने घरों में ईद की नमाज़ अदा करने की तैयारी में जुट गये।



इस दौरान पूरे अकीदत के साथ नमाज़ पढ़ते हुए अमन चैन और खुशहाली के साथ साथ कोरोना संक्रमण से निजात के लिए विषेस दुआएँ की गई।
ईद-उल-फितर के मौके पर सेवइयों का विशेष आनंद लेते हुए देखा गया वहीं कोरोना को देखते हुए लोगों ने बहुत दूरी तय नही करते हुए अपने बगलगिरों के साथ गले लगते हुए ईद की बधाई दी। साथ ही छोटे छोटे बच्चें भी रंग बिरंगी पोशाकों के साथ नमाज़ अदा करते हुए हमउम्र बच्चों के गले मिले।

# सरकारी आदेशों एवं निर्देशों का अनुपालन करते हुवे प्रखंड के विभिन्न अल्पसंख्यक बहुल गांवों में पढ़ी गई ईद-उल-फित्र की नमाज

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**गिरिडीह ।**
शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में शुक्रवार को जमुआ प्रखंड में ईद-उल-फित्र त्योहार सम्पन्न हो गया। वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुवे प्रखंड के सभी अल्पसंख्यक बहुल गांवों के लोग लॉक डाउन एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुवे अपने अपने घरों में ईद-उल-फित्र की नमाज अदा किए।
वहीं प्रखंड के मस्जिदों एवं ईदगाहों में सन्नाटा पसरा रहा। लोगों ने बताया कि सरकारी गाइडलाइन के तहत मस्जिदों के ईमाम तथा गांव के सदर सेक्रटरी एवं गांव के कुछ गणमान्य लोग ही मस्जिदों में सोशल डिस्टेंस का अनुपालन करते हुवे नमाज पढ़े, वहीं बकिये लोग अपने अपने घरों में ईद की नमाज अदा की।
जानकारी के मुताबिक स्थानीय प्रशाशन द्वारा सख्त निर्देश दिया गया था कि ईद की नमाज आप सभी अपने अपने घरों में पढ़ेंगे और सख्ती से लोक डाउन एवं धारा 144 का अनुपालन करेंगे, सरकारी आदेशों एवं निर्देशो तथा अपने जान की सुरक्षा को देखते हुवे लोगों ने अपने अपने घरों में ही ईद की नमाज अदा करने में अपनी भलाई समझी।
हालांकि लोगों का मानना है कि एक साथ ईदगाह में सभों के साथ नमाज अदा करने में जो खुशी मिलती थी और एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद दिया जाता था उससे एक अलग खुशी मिलती थी,लेकिन उस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहा। सभों ने सोशल डिस्टेंस का अनुपालन करते हुवे अपने अपने घरों में नमाज अदा कर क्षेत्र में अमन चैन एवं तरक्की तथा कोरोना महामारी के खात्मा के लिए पूरी शिद्दत के साथ दुआ मांगें।
इस बाबत स्थानीय समाजसेवी मो. जाहिद, अबुजर नोमानी, अफरोज आलम, इस्त्राइल अंसारी, इस्माइल अंसारी, मौलाना महमूद आलम, मौलाना अलाउद्दीन चुतर्वेदी, असरार आलम, चिना खान, जुल्फिकार अली, प्रो.शमीम, महशर ईमाम, एकरार आलम, नोशेर आदिल, मो.असलम, जुन्नैद आलम, शाहिद इकबाल,प्रवेज आलम,अख्तर अली, मुमताज़ अंसारी,मो शाहिद अंसारी, मो इफ्तेखार आलम, मो शब्बीर अंसारी, शिबू मियाँ, रब्बुल हसन रब्बानी, मो अलीबक्स अंसारी सहित दर्जनों लोगों ने कहा ईद-उल-फित्र की नमाज शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में प्रखंड के सभी अल्पसंख्यक बहुल गांवों में मनाया गया।
इधर त्योहार शांति पूर्ण मनाने हेतु प्रखंड प्रशासन मुस्तेद दिखें। एकतरफ जमुआ बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार अपने दर्जनों कनिये पदाधिकारियो एवं कर्मियों को क्षेत्र में दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त कर विधी व्यस्था में लगाये थे वहीं थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास भी अपने सारे पुलिस बल को दिन भर क्षेत्र में तैनात किए हुवे थे। वहीं बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, सीओ द्वारिका बैठा, पुलिस इंस्पेक्टर नवीन कुमार तथा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास खुद क्षेत्र भर्मण कर विधि व्यस्था चुस्त दुरुस्त करने में लगे थे। वहीं पदाधिकारीयों ने शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार सम्पन्न होने पर क्षेत्र वासियों को मुबारक बाद दिए।



## चांद के दीदार के बाद सादगी व आपसी सौहार्द के साथ मना ईद



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**फुसरो।**
फुसरो नप क्षेत्र के विभिन्न वार्डो सहित पिछरी, अंगवाली व चलकरी में ईद- उल- फितर की नमाज शुक्रवार को अदा की गई. इस बार ईद कोविड-19 प्रोटोकॉल के बीच सादगी के साथ के साथ मनाई गई. सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन मुस्लिम धर्मावलंबियों का संदेश तथा जारी गाइडलाइन के अनुसार ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई. किसी भी तरह का सर्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया.

- **मस्जिदों में भी कोविड के नियमो का रखा गया ख्याल**

ईद महीने भर रोजा रखने के बाद जो अल्लाह के जानिब से इनाम मिलने वाला होता है, उसी खुशी में ईद मनाई जाती है. लेकिन आज हमारा देश के साथ-साथ झारखंड प्रदेश कोरोना महामारी की वजह से जिस बुरी स्थिति से गुजर रहा है. ऐसी हालत में किसी भी जिंदा दिल इंसान के लिए खुशी मनाना बहुत ही मुश्किल काम है. देखा गया कि रमजान का पूरा महीना नमाज भी अपने घरों में अदा की गई. इस दौरान ईद पर भी सभी लोग सरकारी गाइडलाइन के नियमों का पालन किया.
यहां बेरमो प्रशासन के द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि घरों पर ही ईद मनाने का आग्रह भी किया गया था. स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अनुपालन को लेकर बेरमो थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान अपने दल बल के साथ थाना क्षेत्र के सभी मुस्लिम बहुल स्थित मस्जिदों में जाकर प्रमुख व्यक्तियों को इसकी जानकारी देते हुए हर हाल में ईद की नमाज अपने अपने घरों में ही मनाने की अपील की.

# कृषि मंत्री बादल ने वैक्सीनेशन सेंटर का लिया जायजा

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका। कोरोना से बचाव को लेकर 18 प्लस आयुवर्ग के वैक्सीनेशन के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय जरमुंडी में बनाये गए टीकाकरण केंद्र में वैक्सीन लगवाने वाले युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। टीका लगवाने केन्द्र पर पहुंचे युवावर्ग में वैक्सीनेशन को लेकर खासा उत्साह नजर आया। ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा कर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए महिला एवं पुरूष अतग अलग पंक्तियों में पंक्तिबद्ध होकर लोगों ने अपनी बारी का इंतजार करते हुए वैक्सीन लगवाया। कोरोना महामारी से रक्षा के लिए सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराये



गए वैक्सीन लगवाने के बाद लोगों ने सरकार को धन्यवाद दिया।
इस दौरान झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने प्लस टू उच्च विद्यालय जरमुंडी में बनाये गए वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण केंद्र पहुंचकर लोगों से टीका लगवाने की अपील की। बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू ने बताया कि आज 200 लोगों का टीकाकरण किया जाना है जबकि बहुत से युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है जिसको देखते हुए कल फिर टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने युवाओं के उत्साह को देखते हुए कोरोना से बचने के लिए लोगों से टीका लगवाने की अपील की।

## 2381 लोगो का टीकाकरण किया गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब तक हेल्थ /फ्रंट लाइन वर्कर और 45 से 59 साल और 60 से ऊपर, 18 वर्ष से अधिक उम्र के आम जनता को कोविड वैक्सीन लगाने की मुहिम लगातार जारी है। उपायुक्त ने जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आप सभी संचालित टीकाकरण अभियान के तहत सम्मिलित होकर कोविड-19 का वैक्सीन अवशय लें। कोविड -19 की रोकथाम सम्बन्धित सरकार की तरफ से शुरू की गई कोविड -19 वैकसीनेशन मुहिम में सहयोग दें। 14 मई को दुमका जिले में कुल 2381 लोगों का टीकाकरण किया गया। उपायुक्त ने बताया कि कोविड-19 टीका लेने के लिए अपने नजदीकी टीका केंद्र पर अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित हों।

## लाभुक का शव जरमुंडी पुलिस ने किया बरामद

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। जरमुंडी थाना क्षेत्र के धावाटाँड़ गांव के समीप निर्माणाधीन मनरेगा कूप के पास कूप लाभुक का शव जरमुंडी पुलिस ने बरामद किया है। बताया जा रहा है कि मृत युवक श्रीकांत महतो सुबह कटहरा स्थित अपने घर से निकला था काफी देर घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की। खोजने के क्रम में कूप निर्माण स्थल पर जाकर देखा तो वहाँ अचेत पड़ा हुआ था। जानकारी के बाद ग्रामीण जुटे और जरमुंडी थाना पुलिस को सूचना दी गई। जरमुंडी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अतीन कुमार ने बताया कि मृतक सिंचाई कूप निर्माण का लाभुक था। घटना के दिन वह अपने



सिंचाई कूप से पानी निकालने के लिए विद्युत मोटर पम्प में बिजली तार जोड़ रहा था कि इसी क्रम में बिजली करंट लगने से मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है इसके बाद यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सादगी और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान परशुराम की जयंती

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

रामगढ़। कोरोना संक्रमण के संकट काल से लोगों के कल्याणार्थ ब्राह्मणों ने चितरपुर जवाहर रोड में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम की पूजा अर्चना की गई। पूजा कोरोना के बचाव के उपाय में जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए कुछ लोगों की ही उपस्थिति में हुई।
पुजारी श्री भरत बाबा ने बताया की इस महामारी काल में संकट से उबरने का एक ही रास्ता है ईश्वर की आराधना करें। यह एक योग है इससे आपकी अंतरात्मा जागृत होंगी। साथ ही वातावरण शुद्ध होगा। उन्होंने बताया कि पंचांग के अनुसार



हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को यानी अक्षय तृतीया के दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय है। भगवान परशुराम भगवान शिव और भगवान विष्णु के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। मौके पर शिव शंकर तिवारी, पंकज तिवारी, आदित्य तिवारी, आदर्श तिवारी, निहाल तिवारी, प्रियांशु तिवारी, अजय तिवारी, विकाश तिवारी, रंजय तिवारी, भुमि तिवारी मौजूद थे।

## कुआँ में मिला नाबालिग युवक चिंकू वर्मा का संदिग्ध अवस्था में शव

### साला ने बहनोई पर लगाया हत्या का आरोप

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

गिरिडीह। जमुआ थाना क्षेत्र नावाडीह पंचायत अंतर्गत सखेयबाद गांव में एक 16 वर्षीय युवक की शव को जमुआ पुलिस ने मृतक चिंकू वर्मा की घर से डेढ़ किलो मीटर दूर स्थित कटी महतो की पक्का कुआं से बरामद किया गया। गौरतलब है कि सखेयबाद बिनोद वर्मा की 16 वर्षिय चिंकू वर्मा की शव सिर्फ जंघीया पहने स्थिति में बरामद किया। इधर कुआं में चिंकू की शव मिलने की खबर सुनते ही आग की तरह पूरा नावाडीह में फेल गया जब शव को ग्रामीणों की सहयोग से जमुआ पुलिस ने कुआं से निकला तो ग्रामीणों युवक की शरीर पर कई भाग में चोट की निशान को देखतें ही लोगों की गुस्सा मृतक की पिता पर निकालते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक की पिता के साथ धक्का मुक्की करने लगा इधर आक्रोशित ग्रामीणों की हरकत को देखतें हुए जमुआ पुलिस ने अपने वरिय पदाधिकारी को सूचना देते हुए शव को अपने कब्जे ले लिया साथ ही मृतक की पिता को भी सुरक्षा के नियत से अपने अंदर ले लिया। जमुआ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास ने मामलें की जानकारी जमुआ



बीडीओ को दिया ग्रामीणों की गुस्सा की शांत कराते बीडीओ ने ग्रामीणों को अश्वस्त किया मृतक युवक की संदिग्ध मौत की जांच किया जायेगा दोषी के विरुद्ध कानूनी कारवाई किया जायेगा।इधर मृतक की मामा संजय वर्मा पिता किसन महतो कोलासिहां थाना बेंगाबाद ने जमुआ पुलिस को दिये आवेदन में कहा कि मृतक की पिता बिनोद वर्मा ने दो शादी किया है पहला पत्नी मेरी बहन रुकमणी देवी के साथ किया था। इससे दो पुत्र है जिसमें चिंकू वर्मा भी एक है। जब मेरी बहन अस्वस्थ रहने लगी तो मेरा बहनोई ने दूसरी शादी कर लिया उसमें भी एक लड़का है इधर पिछले कई वर्षों से मेरा बहन एवं भगिना चिंकू वर्मा के साथ बराबर प्रताड़ित करतें रहे एवं खान पान में तंग तबाह करतें रहा है। मेरा दावा है कि मेरा भगिना को मेरे बहनोई एवं अन्य तीन चार लोग द्वारा हत्या कर दिया साक्ष्य को छुपाने की नीयत से एक डेढ़ किलोमीटर स्थित कुआं में डाल दिया। इधर मृतक की माँ रुकमणी देवी ने बताया कि बुधवार की शाम मेरा बेटा ट्रैक्टर से मजदूरी कर शाम को घर आया और कहने लगा कि माँ बगल में शादी की खाना खाकर एवं आपका भी खाना लेकर आ रहा हूँ। लकवाग्रस्त होने के कारण हम चलने में अस्वस्थ थे घर पर ही रह गई। जब देर रात तक घर लौट कर नही आया हम बिना खाना खाये रह गई। गुरुवार की सुबह सभी ट्रैक्टर के मालिक के यहाँ जाकर खोज बिन किया मगर कहीं से कोई सूचना नहीं मिला गुरुवार की शाम को एक औरत ने कहा कि कटी महतो की कुआं पर एक लोटा रखा है जब हम देखने गया तो देखें कि मेरा ही लौटा है जो शादी खाना खाने के लिए जा रहा था उस समय मेरा लड़का चिंकू ने लौटा ले गया था कुआँ में सर्ट था वह भी मेरा ही लड़का की सर्ट है घटना कैसे हुआ है मुझें कुछ पता नही मेरा बेटा को जिसने भी हत्या की उसने मेरा हाथ की लाठी को छीन लिया है पुलिए जांच कर दोषियों को फांसी की सजा दें।
जमुआ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास ने कहा कि मृतक की मामा सजंय वर्मा के द्वारा एक लिखित आवेदन मिला है फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करने गिरीडीह भेज दिया गया इसके अलावे सभी पहलू पर जांच किया जा रहा है।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ समन्वय बनाकर काम करेगी संस्था




रांची। टीम प्रत्यंचा,आदि फाउंडेशन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 50 ऑक्सीजन कंसेनट्रेटर राँची के जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध कराएगी।आज राँचीवासियों के लिए जारी करने के अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी अशोक बड़ाईक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राँची में जिस तरह से ऑक्सीजन की कमियों को राँची की जनता ने महसूस किया है, उस कमियों को दूर करने के लिए टीम प्रत्यंचा, आदि फाउंडेशन एवं आईएमए का यह प्रयास सराहनीय है। टीम प्रत्यंचा के अध्यक्ष अक्षय पल्लव ने कहा कि संस्था यह ऑक्सीजन कंसेनट्रेटर राँची वासियों के लिए निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए टीम प्रत्यंचा एव आदि फाउंडेशन के वोलंटियर्स सक्रिय रूप से जमीन पर काम करेंगे एव प्राथमिकता के आधार पर जरूरतमंदों को दिया जाएगा। राँची के जरूरतमंद जनता प्रणव-8298078809 और सुशांत सिंह-9905757988 के मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करके प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर अशोक बड़ाईक, अक्षय पल्लव, रोमित नारायण सिंह, ईशान त्रिवेदी, प्रणव प्रभात, सुशांत सिंह, अभिलाष सिंह, प्रेम कुमार बड़ाईक, मिहिर वर्मा सहित कई संस्था के सदस्य उपस्थित थे.

# संक्षिप्त समाचार

## पेयजल आपूर्ति नहीं होने से पेयजल को तरस रहे हैं ग्रामीण



दुमका। जामा प्रखंड क्षेत्र के बंधा गांव का पहाड़िया टोला इन दिनों पेयजल संकट से गुजर रहा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से निर्माण कराया जल मीनार करीब 6 माह से खराब पड़ा है जो आज भी शोभा की वस्तु बनी हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार बनने के बाद से ही जल आपूर्ति हुई ही नहीं, साथ ही बताया कि बोरिंग के समय पानी ही नहीं आया था। इसके वाबजूद भी मनमानी कर मोटर फ़िट कर दिया जो आज तक बेकार पड़ी है।ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत की बार विभाग से करने के वाबजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही जल मीनार चालू कराने की मांग की है।

## ईद समाप्ति के बाद कराएं अपना अपना पंजीकरण और अवश्य लें करोना टीका : मुदस्सीर रियाज

गिरिडीह। ईद उल फितर की नमाज अदा करने को लेकर सरकार द्वारा प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार गिरिडीह के सभी मस्जिदों में अंजुमन कमेटियों ने निर्णय लेते हुए अपने अपने घरों में नमाज अदा करने का अपील किया।
इस क्रम में भंडारे की अंजुमन कमेटी के द्वारा यह ऐलान किया गया कि सभी लोग अपने अपने घरों में नमाज अदा करें और एक दूसरे के साथ मिलने से बचें सोशल डिस्टेंस का पालन करें। मांस का उपयोग करें और भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें।
इसी प्रकार बिशनपुर, मोहनपुर, बोड़ो, जगपतारी और पचम्बा अंजुमन कमेटी के लोगों ने भी आपस में निर्णय करके अपने अपने घरों में ईद मनाया। बताते चलें की है मैंने ईद से 1 दिन पूर्व इन सभी कवियों के द्वारा लिया गया और इसमें उन्होंने ना सिर्फ अपने लोगों को अग्रिम बधाई दिए बल्कि आग्रह किया कि वे लोग ईद के बाद अपना अपना पंजीकरण भी करवाएं और कोरोना टीके अवशय लगवाएं।
एक और जहां इस ऐलान से लोगों में संतुष्टि देखने को मिली वहीं प्रशासन भी काफी संतुष्ट नजर आए और कहीं पर भी किसी भी तरह का लोगों ने पालन को तोड़ने का प्रयास नहीं किया। हालांकि प्रशासन द्वारा सभी मस्जिदों के आसपास चौक चौराहों पर भारी मात्रा में पुलिस जवान तैनात किए गए थे लेकिन कहीं पर भी अप्रिय घटना नहीं घटने से माहौल शांतिपूर्ण रहा।
भंडार इंडियन 'मन सोसाइटी से सरपरस्त साकिर हुसैन सदर मोहम्मद तसलीम, सेक्रेटरी मुदस्सिर रियाज, नायब सदर सदर अफताब नायक सेक्रेटरी मोहम्मद शाहबाज हैदर, खजांची मोहम्मद मुख्तार आलम, मोहम्मद निसार मोहम्मद उमर मुख्तार मोहम्मद फैयाज आलम मकसूद आलम खालिद अंसारी तथा जगपतारी अंजुमन से मोहम्मद इस्लाम, बिशनपुर अंजुमन से मो सहजाद, पचम्बा अंजुमन से मोहम्मद सरफराज, मोहनपुर अंजुमन कमेटी, डांडियाडीह अंजुमन से जावेद अंसारी आदि ने लोगों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## सरिया, केशवारी और आस पास के इलाकों में मनाई गई ईद-उल-फितर

गिरिडीह। सरिया, बालीडीह, केशवारी, मध्वाडीह, मोकामो समेत आस पास के क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। देश-दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में लोग इस त्योहार को मना रहे हैं और एक दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं। कोरोना काल में ईद मनाने को लेकर कई मौलानाओं ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील की है। मधवाडीह के इमाम मौलाना अजीमुद्दीन साहब ने बताया कि इस कोरोना महामारी में लोग ईद की नमाज घरों में अदा करें और अपने देश की हिफाजत और अमनो चैन के लिए दुआ करें।
पूरे सरिया प्रखण्ड क्षेत्र में लोग अपने अपने घरों नमाज अदा किए वहीं आठ दस लोग परम्परा के अनुसार मध्वाडीह ईदगाह में सोशल



डिस्टेंसिंग के साथ नमाज अदा किए।
.इस दिन लोग अपने अपने घरों में सेवइयां मीठे पकवान बनाते हैं। ईद का त्योहार रमजान महीने के पवित्र महीने का अंत होता है। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते है और एक दूसरे के लिए दुआ करते हैं।
पिछले साल की तरह इस साल भी ईद पर कोरोना का साया बना हुआ है। इसलिए विशेष एहितयात के साथ इस पर्व को मनाने की बात कही गई। लोग एक दूसरे को सोशल मीडिया के जरिए और फोन कर बधाई दे रहे हैं साथ ही कोरोना काल मे सरकार की गाइडलाइंस का पूरा पालन किया गया इस दौरान केसवारी निवासी साकिर अंसारी ने बताया कि पूरे एक महीने तक चलने वाला रमजान का पाक महीना का आज ईद के रूप मे हमलोग मनाते है पुरे देश में अमन चैन की दुआ मांगी जाती है इस बार लोग अपने अपने घरों में ही नवाज अदा किए ।

## शहर में घुसा हांथी ,एक को किया घायल



दुमका। उपराजधानी में देर रात झुंड से बिछड़े जंगली हाथी घुस गया .जो शहर के श्रीअमरा ,करहलबिल ,शिवपहाड पोखरा चौक होते हुए ग्रांट स्टेट पहुँच गया एवं प्लस टू बालिका विद्यालय का गेट तोड़ते हुए बन्दरजोरी की तरफ निकल गया .हांथी के पीछे वन विभाग की टीम मौजूद थे .जंगली हांथी ने रषिकपुर के एक युवक को भी घायल कर दिया है जिसका नाम विशाल बताया जा रहा है .

# मीडिया टोली शिक्षा जगत में होने वाले परिवर्तनों की संवाहक बने : महेंद्र कपूर

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका। आज कुछ दुष्ट प्रवृत्ति के लोग समाज में नकारात्मक माहौल खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षकों की भी नकारात्मक छवि स्थापित करने के प्रयास निरंतर जारी हैं। आज शिक्षा भी परिवर्तनों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में शिक्षकों के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने तथा समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का कार्य हमारे कार्यकर्ता मीडिया के माध्यम से करें। उक्ताशय के उद्गार अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर ने महासंघ की चार दिवसीय मीडिया कार्यकर्ताओं की क्षेत्रशः बैठकों के समारोप में 13 मई को पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र की बैठक में व्यक्त करते हुए कहा कि यह समय निराशा का चल रहा है, हम सब इस निराशा के वातावरण को दूर करने का प्रयास करें और अपनी श्रेष्ठ प्राचीन परम्पराओं को स्थापित करें। इसके लिए हमारी प्रांत, जिला एवं विकास खंडों की मीडिया टोलियां सक्रिय हों और मीडिया के सभी संसाधनों का सदुपयोग करते हुए शैक्षिक महासंघ के अच्छे कार्यों को शिक्षकों एवं समाज तक ले जाकर अन्यान्य संगठनों के लिए भी आदर्श बनें। बैठक के प्रथम दिन 10 मई को दक्षिण मध्य क्षेत्र की बैठक को संबोधित करते हुए महासंघ के अ.भा. अध्यक्ष प्रो. जे. पी. सिंघल ने कहा कि भारतीय चिंतन और भारतीय संस्कृति को साथ लेकर अपने कार्य-व्यवहार के माध्यम से हम शिक्षा जगत में नए प्रतिमान स्थापित करें। आपने मीडिया के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से हम महासंघ द्वारा शिक्षा व शिक्षकों के क्षेत्र में किए जा रहे अच्छे कार्यों के साथ साथ अपने वैचारिक अधिष्ठान को शिक्षकों व समाज तक पहुंचाने का कार्य करें। आपने महासंघ द्वारा विभिन्न सम सामयिक विषयों पर आयोजित अखिल भारतीय शोध लेखन प्रतियोगिता में मीडिया के माध्यम से महाविद्यालयीन एवं स्कूली शिक्षकों की अधिकाधिक सहभागिता का भी आ''ान किया. महासंघ के अ भा महामंत्री शिवानन्द सिंदनकेरा




ने मीडिया टोली की चार दिवसीय क्षेत्रशः बैठकों की प्रस्तावना रखते हुए मीडिया के कार्य व महत्व पर प्रकाश डाला और देश भर के संबद्ध संगठनों द्वारा चल रहे मीडिया कार्यों का वृत्त लिया गया।
बैठक के द्वितीय दिवस 11 भी को उत्तर मध्य क्षेत्र की बैठक को संबोधित करते हुए महासंघ के अ. भा. सह संगठन मंत्री ओमपाल सिंह ने कहा कि संगठन एक सतत यात्रा है और मीडिया एक माध्यम है संगठन के कार्य को आगे बढ़ाने का। हम मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए कम शब्दों में अपनी बात प्रभावी तरीके से रखें। मीडिया कार्यकर्ताओं की समझ बढ़े। कार्यकर्ताओं को ऊंचा मन लेकर चलना पड़ेगा, प्रत्येक कार्यकर्ता तक इस संदेश को लेकर जाना होगा।
बैठक के तृतीय दिवस 12 मई को पूर्व, पूर्वोत्तर एवं मध्य पूर्व क्षेत्र की बैठक को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा प्रभारी महेंद्र कुमार ने कहा कि हमें चुनौतियों को अवसर के रूप में उपयोग करना होगा। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में मीडिया टोली की बड़ी भूमिका है। अपनी भूमिका को समझते हुए हमारी मीडिया टोली आगे बढ़े तो हम समाज में एक सकारात्मक वातावरण खड़ा करने में सफल होंगे।
चतुर्दिवसीय इस बैठक में अ. भा. मीडिया प्रकोष्ठ प्रमुख विजय कुमार सिंह ने मीडिया टोली का विस्तार, उसकी नियमित बैठकें, परस्पर संवाद एवं कार्य विभाजन तथा मीडिया के सभी संसाधनों का सावधानी पूर्वक प्रभावी सदुपयोग करते हुए अपने कार्य को आगे बढ़ाने का आ''ान किया। आपने आगामी 27-28 मई को महासंघ की दो दिवसीय अखिल भारतीय मीडिया कार्यशाला की जानकारी देते हुए उसमें सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं से अनिवार्यतः उपस्थित रहने का अनुरोध किया।
मीडिया टोली के उत्तर क्षेत्र प्रभारी दर्शन भारती ने देश भर के मीडिया कार्यकर्ताओं को 'समाचार लेखन, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में हमारी भूमिका एवं सावधानियां' विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन देते हुए मीडिया की बारीकियों से अवगत कराया।
अ. भा. मीडिया टोली के दक्षिण क्षेत्र प्रभारी प्रो. सुभाष आठवले ने महासंघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं देश भर के मीडिया कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्वयं भी इस शोध लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता करें तथा अधिकाधिक शिक्षकों को इस शोध लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रेरित करें।
बैठक का संचालन प्रथम एवं अंतिम दिन प्रो. सुभाष आठवले ने, द्वितीय दिवस दर्शन भारती ने और तृतीय दिवस पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रभारी ज्ञानेंद्र नाथ सिंह ने किया। बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के केंद्रीय पदाधिकारियों, अ भा मीडिया टोली, राज्यों के अध्यक्ष, महामंत्री, संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रमुखों, सह प्रमुखों तथा राज्य मीडिया टोली के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।झारखंड का प्रतिनिधित्व झारखंड मीडिया प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ संजय प्रियम्बद, सदस्य डॉ अजय सिन्हा, डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, डा भोला नाथ सिंह सिंह, डॉ आशुतोष पांडेय एवं डॉ रुपम श्रीवास्तव ने किया .

# कोवीड 19 की दूसरी लहर कर रही बच्चों पर प्रहार, जानें कोरोना से कैसे बचाएं बच्चों को

हमारे देश में इस समय कोरोनावायरस की दूसरी लहर सबों को अपनी चपेट में आ रहे है। यहां बताएं गए टिप्स को अपनाकर आप अपने बच्चों को कोरोनावायरस के दूसरी लहर की चपेट में आने बचा सकते है।



- **मुख्य बातें**
  - » एक्सपोर्ट के अनुसार कोरोनावायरस की दूसरी लहर हवा के माध्यम फैल रहा है
  - » कोरोनावायरस की दूसरी लहर बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है
  - » दूसरी लहर से बचने के लिए अपने बच्चों को भीड़भाड़ वाली जगह पर बिल्कुल ना जाने दे

कोरोनावायरस की दूसरी लहर भारत के लिए चिंता का सबब बनती जा रही है। एक्सपोर्ट के अनुसार कोरोनावायरस की दूसरी लहर इस बार हवा के माध्यम से फैल रहा है। हालांकि अभी तक वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनेटाइजेशन से इस वायरस को लेकर कुछ भी नहीं कहा है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि वायरस विकराल रुप धारण कर चुका है।
इसी वजह से यह वायरस बड़ी तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक कोरोनावायरस की दूसरी लहर बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने बच्चों को कोरोनावायरस की दूसरी लहर से सुरक्षित रखें। यदि आप भी अपने बच्चों को इस वायरस से सुरक्षित रखना चाहते है, तो यहां बताएं गए टिप्स को जरूर पढ़ें।

- **कोरोनावायरस की दूसरी लहर से बच्चों को सुरक्षित रखने का तरीका**

## बच्चों को घर में रहने के लिए प्रोत्साहित करना

कोरोनावायरस की दूसरी लहर से अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें घर में रहने की के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें घर में तरह- तरह के खेल मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराएं। ऐसा करने से बच्चे बाहर की बजाए घर में रहना पसंद करेंगे और वह कोरोनावायरस की दूसरी लहर की चपेट में आने से बच पाएंगे। यह उपाय सबसे आसान है जिसमें कोरोना से बचाव का सबसे सुरक्षित टिप्स है।
कोरोनावायरस की दूसरी लहर भारत के लिए चिंता का सबब बनती जा रही है। एक्सपोर्ट के अनुसार कोरोनावायरस की दूसरी लहर इस बार हवा के माध्यम से फैल रहा है। हालांकि अभी तक वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनेटाइजेशन से इस वायरस को लेकर कुछ भी नहीं कहा है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि वायरस विकराल रुप धारण कर चुका है।
इसी वजह से यह वायरस बड़ी तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक कोरोनावायरस की दूसरी लहर बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने बच्चों को कोरोनावायरस की दूसरी लहर से सुरक्षित रखें। यदि आप भी अपने बच्चों को इस वायरस से सुरक्षित रखना चाहते है, तो यहां बताएं गए टिप्स को जरूर पढ़ें।



- **क्यों है कोरोना की दूसरी लहर बच्चों के लिए ज्यादा खतरनाक? यहां जानिए हर सवाल का जवाब**
- **क्या होता है कोरोना का सुपर स्प्रेडर? ये कितना खतरनाक, क्या हैं बचाव के उपायक्या होता है कोरोना का सुपर स्प्रेडर? ये कितना खतरनाक, क्या हैं बचाव के उपाय**
- **इन 8 लक्षणों से जानें कहीं आप भी तो नहीं हो चुके हैं कोरोना से संक्रमित**



## कोरोनावायरस की दूसरी लहर से बच्चों को सुरक्षित रखने का तरीका

- **बच्चों को घर में रहने के लिए प्रोत्साहित करना**

कोरोनावायरस की दूसरी लहर से अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें घर में रहने की के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें घर में तरह- तरह के खेल मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराएं। ऐसा करने से बच्चे बाहर की बजाए घर में रहना पसंद करेंगे और वह कोरोनावायरस की दूसरी लहर की चपेट में आने से बच पाएंगे। यह उपाय सबसे आसान है जिसमें कोरोना से बचाव का सबसे सुरक्षित टिप्स है।

- **घर में बाहरी आदमी को आने की अनुमति ना दें और बच्चों को दूसरों से दूरी बनाए रखने को कहे**

कोरोनावायरस की दूसरी लहर से बचने के लिए अपने घर में किसी बाहरी आदमी को घुसने की अनुमति ना दें। बाहर आए हुए आदमी से यह संक्रमण फैलने का खतरा ज्यादा होता है।इसलिए अपने बच्चों को लोगों से दूरी बनाएं रखने की की सलाह दें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर अपने बच्चों को बिल्कुल ना जाने दे। कोरोनावायरस की दूसरी लहर से बचाने के लिए अपने बच्चों को अकेला बिल्कुल ना छोड़े। ऐसे करने से आपके बच्चे वायरस की चपेट में आने से बच सकते है।

- **बच्चों को मास्क पहनने की आदत लगवाएं**

एक्सपर्ट के अनुसार कोविड-19 की दूसरी लहर हवा के माध्यम से बड़ी तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है। ऐसे में यदि आप अपने बच्चों को मास्क पहनने की आदत लगवाएं, तो आपके बच्चे कोरोनावायरस की दूसरी लहर की चपेट में आने से बच सकते है। सरकार ने भी सोमवार को यह साफ किया है कि घर में भी कोरोना से बचाव के लिए मास्क पहनना जरूरी है।

- **बच्चों की स्वच्छता पर ध्यान रखें**

स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशों अनुसार हाथों को बार-बार धोना, अपनी आंखें, नाक और मुंह छूने से पहले उनकी सफाई करना बेहद जरूरी हैं। यदि आप अपने बच्चों की सफाई पर विशेष ध्यान रखें, उन्हें अपने हाथों से किसी भी गंदे चीजों को छूने ना दें। उनके हाथों को बार-बार हैंड वॉश करवाएं तो आपके बच्चे कोरोनावायरस की दूसरी लहर की चपेट में आने से बच सकते है।

- **अपने बच्चों को छुई गई सतहों और वस्तुओं से अलग रखें**

डॉक्टरों के अनुसार छुई गई सतहों और वस्तुओं पर अक्सर वायरस का प्रकोप देखने को मिला हैं। ऐसे में यदि आप वैसे जगहों पर सफाई  रखें और वैसे चीजों को अपने बच्चों को छूने से मना करें, तो आपके बच्चे कोरोनावायरस की दूसरी लहर से बच सकते है। किसी भी अनजान या ऐसी जगह जहां वायरस का संक्रमण हो सकता है उन जगहों पर बच्चों को छूने या पहुंचने से दूर रखें। ऐसा करना बेहद जरूरी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित,  संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)  आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529